विधायक निधि में भ्रष्टाचार की खबरों पर मुख्यमंत्री ने दिखाया सख्त रवैया

खींवसर, हिण्डौन और बयाना विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि खातों को फ्रीज किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित खबरों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि किसी भी लोकसेवक द्वारा भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दोषी पाए जाने पर ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह व्यक्ति कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति पूर्णतः जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। जनधन के दुरुपयोग को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- **4 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति 15 दिन में जांच कर मुख्य सचिव को सौंपेगी रिपोर्ट**
- **लोकसेवक द्वारा भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

मुख्यमंत्री ने मुख्य सतर्कता आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह) भास्कर सावंत की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समिति में शासन सचिव पंचायती राज जोगाराम, शासन सचिव वित्त (बजट) राजन विशाल को सदस्य एवं विशिष्ट शासन सचिव गृह विभाग मनीष गोयल को सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति 15 दिन में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपेगी।

जांच प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर खींवसर, हिण्डौन एवं बयाना विधानसभा क्षेत्रों के विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलए-लैड) खातों को फ्रीज कर दिया गया है। अब तक अभिशंषा किए गए और स्वीकृत समस्त कार्यों का क्रियान्वयन एवं भुगतान की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी मुख्य सचेतक द्वारा यह प्रकरण संबंधित विधायकों के विरुद्ध जांच हेतु विधानसभा की सदाचार समिति के समक्ष रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को भी प्रेषित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी इस प्रकरण पर संज्ञान लिया है।

रेवतराम डांगा को भाजपा ने दिया कारण बताओ नोटिस

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया के तहत खींवसर विधायक रेवतराम डांगा को "कारण बताओ नोटिस" जारी किया गया है। विधायक डांगा के विरूद्ध एक समाचार पत्र के पत्रकार द्वारा कथित स्टिंग ऑपरेशन के माध्यम से यह आरोप सामने आया है कि विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से राशि स्वीकृत कराने के बदले रिश्वत स्वीकार करने की स्वीकारोक्ति की है।

यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के संविधान में वर्णित अनुशासन भंग की श्रेणी में आता है। राठौड़ ने बताया कि

- **प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधायक डांगा से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा**

इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पार्टी द्वारा डांगा से तीन दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति में विश्वास रखती है तथा पार्टी अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने दिए अनिता जाटव की जांच के निर्देश

जयपुर (कासं)। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने हिण्डौन से पार्टी विधायक अनिता जाटव द्वारा तथाकथित रिश्वत लेकर विधायक फंड से किसी को कार्य देने के मामले में एक्शन लिया है। रंधावा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पत्र लिखकर कहा है कि "मैने एक समाचार पत्र में हमारी पार्टी की विधायक अनिता जाटव द्वारा विधायक निधि में से राशि स्वीकार करने के संबंध में खबर पढ़ी।" इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करवाकर 7 कार्य दिवस में अवगत करवाएं। ज्ञात रहे कि एक समाचार पत्र में विधायक जाटव द्वारा 50 हजार रुपए लेकर 80 लाख रु. की अनुशंसा का पत्र दिए जाने की खबरें प्रकाशित हुई थी।

राठौड़ ने मुख्यमंत्री के तुरंत एक्शन को सराहा

जयपुर (कांस)। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने एक समाचार पत्र द्वारा जनप्रतिनिधियों पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी जनप्रतिनिधि जनसेवा के नाम पर अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे कृत्य न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुँचाते हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी कमजोर करते हैं। राठौड़ ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को

- **'यदि जनप्रतिनिधि अधिकारों का दुरुपयोग करता है तो यह लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है'**

राज्य के मुख्य सतर्कता आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह) की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति से जांच के निर्देश देना सराहनीय कदम है। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा मामले को सदाचार समिति को सौंपे जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि संस्थागत स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर : मुकेश दाधीच

बीते दो वर्षों में बिजली-पानी, युवा-महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार, ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रभावी कार्य हुआ : दाधीच

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भव्य आतिशबाजी की गई।

भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय को रोशनी से सजाया गया। प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने "नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जिंदाबाद, भजनलाल सरकार जिंदाबाद, दो साल बेमिसाल, नव उत्थान-नई पहचान" जैसे नारों के साथ सरकार की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

भजनलाल सरकार की दूसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान पार्टी कार्यालय रोशनी से जगमगाया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने आज अपने सफल दो वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है, ऐसे में प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं एवं राजस्थान की जनता की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी जाती है। दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है। बीते दो वर्षों में बिजली, पानी, युवा, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार तथा ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रभावी कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष मुद्दाविहीन होकर अनावश्यक आरोप लगाने का प्रयास कर रहा है, जबकि सरकार की उपलब्धियां स्वयं बोल रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पाँच वर्षों के बाद पुनः भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री अजीत माढण, सीताराम पोसवाल, अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीणा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती, सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधानसभा में युवा संसद का आज शुभारंभ करेंगे देवनानी

राज्य के प्रत्येक जिले से छात्र और छात्राओं की होगी भागीदारी

जयपुर (कासं)। राजस्थान विधानसभा के सदन में सोमवार को एक दिवसीय युवा सांसद होगी। विधानसभा के यूट्यूब चैनल से इसका सजीव प्रसारण किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं मे से चयनित युवा इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर पहुंच गए हैं।

युवा संसद का शुभारम्भ प्रातः 11 बजे स्पीकर वासुदेव देवनानी दीप प्रज्ज्वलन के साथ करेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव संदीप शर्मा भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन सभी 378 ब्लॉकों में माह अगस्त सितम्बर में किया गया। ब्लॉक स्तर से एक-एक छात्र और छात्रा का

- **विधानसभा के यूट्यूब चैनल पर होगा सजीव प्रसारण**

चयन जिला स्तर के कार्यक्रम के लिए किया गया। प्रत्येक जिले से दो छात्र और दो छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए किया गया है। विद्यार्थियों के जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता, जल वायु परिवर्तन, नागरिकता, नैतिक मूल्य और टीम वर्क को छात्र-छात्राओं के चयन का आधार बनाया गया है। शिक्षा विभाग के प्रबल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय स्तर से एक एक छात्र और छात्रा ने भाग लिया। विधान सभा के सदन में सोमवार को युवा संसद में प्रदेश के सभी 41 जिलों के छात्र-छात्राओं का प्रतिनिधित्व होगा। युवा संसद में राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत 41 जिलों से 164 छात्र और छात्राएं भाग लेंगे। युवा संसद के लिए युवाओं का चयन 21वीं सदी के कौशलों के विकास एवं सशक्तीकरण हेतु आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए संचालित प्रबल कार्यक्रम के तहत किया गया है। युवा संसद में प्रातः 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक हमारा भविष्य हमारा निर्णय, किशोर-किशोरियों के सशक्त भविष्य के लिए सुदृढ मानसिक स्वास्थ्य और उचित करियर मार्ग दर्शन की आवश्यकता विषयों पर युवा चर्चा करेंगे। सीकर के राजकीय विद्यालय के छात्र यश गोस्वामी युवा संसद में स्पीकर, बांसवाड़ा के अथर्व जोशी मुख्यमंत्री, उदयपुर की छात्रा हिमानी नेता प्रतिपक्ष और डूंगरपुर की मौली भट्ट शिक्षा मंत्री की भूमिका में होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने टाइगर फेस्टिवल की प्रदर्शनी देखी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जवाहर कला केंद्र में आयोजित जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 की भव्य फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी वन्यजीव प्रेमियों, फोटोग्राफरों और आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रदर्शनी में वन्यजीव संरक्षण, विशेष रूप से बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने के संदेश को प्रभावशाली तस्वीरों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शित चित्र न केवल बाघों की सुंदरता और गरिमा को दर्शाते हैं, बल्कि उनके संरक्षण की आवश्यकता पर भी गहन सोच के लिए प्रेरित करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रकृति, पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह प्रदर्शनी भावी पीढ़ियों के लिए वन्यजीव संरक्षण के संकल्प को और मजबूत करती है तथा समाज को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश देती है। दिया कुमारी ने पारंपरिक राजस्थानी कला मांडना भी स्वयं बनाया। उन्होंने कहा कि मांडना केवल सजावटी कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और लोक परंपराओं का जीवंत प्रतीक है।

तीन ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर और डमी कैंडिडेट ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

राजस्थान पुलिस भर्ती मामले में अब तक 137 अभियुक्त एस.ओ.जी. के हत्थे चढ़े

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए तीन प्रशिक्षु उपनिरीक्षक और एक प्रशिक्षु की जगह परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थी ग्राम विकास अधिकारी (वीडियो) को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी की जांच सामने आया कि आरपीएससी के रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण किया, जिसके बाद दस प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के रिकॉर्ड संदिग्ध पाए गए।

इनमें से तीन के लिखित परीक्षा दस्तावेजों पर हस्तलेख और हस्ताक्षरों का मिलान फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) से कराया गया। रिपोर्ट में स्पष्ट असमानता सामने आई। जिससे यह प्रमाणित हो गया कि तीनों ने अवैध रूप से डमी अभ्यर्थियों को बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण की थी।फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी की टीम ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए प्रशिक्षु उपनिरीक्षक कुणाल चौधरी (30) निवासी झंवर जिला जोधपुर (मेरिट 234, राजसमंद), चूनाराम जाट (30) निवासी करड़ा जिला जालौर (मेरिट 251, उदयपुर) और अशोक कुमार खिलेरी (30) निवासी करड़ा जिला जालोर (मेरिट 154, उदयपुर) को गिरफ्तार कर पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षु कुणाल चौधरी के स्थान पर लिखित परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थी अशोक कुमार खींचड़ (30) निवासी बज्जू जिला बीकानेर हाल ग्राम विकास अधिकारी बज्जू को भी गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी कुणाल, चूनाराम, अशोक, बज्जू

- **एसओजी वर्तमान में शेष दो प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों से पूछताछ कर रही है, ताकि डमी अभ्यर्थियों की पहचान की जा सके**

डीआईजी एसओजी परीस देशमुख ने बताया कि इस प्रकरण में अब तक कुल 137 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनमें 63 प्रशिक्षु उपनिरीक्षक और 06 चयनित उपनिरीक्षक शामिल हैं।

एसओजी वर्तमान में शेष दो प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों से पूछताछ कर रही है। ताकि उनके लिए परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थियों की पहचान हो सके। एसओजी ने प्रशिक्षणरत सभी प्रशिक्षुओं से अपील की है कि यदि उन्होंने किसी भी स्तर पर अनुचित साधनों का प्रयोग किया है तो वे कानूनी प्रक्रिया को आसान बनाने और अपने हित में स्वयं आगे आकर एसओजी को अवगत कराते हुए समर्पण करें।

एसओजी द्वारा प्रशिक्षण और चयन से संबंधित रिकॉर्ड का सत्यापन लगातार जारी रहेगा और संदिग्धता सामने आते ही अन्य संलिप्त अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

नाबालिग से दुष्कर्म कर हत्या करने वाले युवक को उम्रकैद

जयपुर (कासं)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1, महानगर प्रथम ने नाबालिग को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने वाले अभियुक्त कमल धोबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं शव को छिपाने में सहयोग करने वाले अभियुक्त के बडे भाई रवि को तीन साल की सजा से दंडित किया है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल 1.31 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने अपनी दोस्त के विश्वास पर आघात करते हुए घटना को अंजाम दिया और हत्या के बाद शव को पानी में फेंककर फरार हो गया। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि घटना को लेकर मृतका के ताऊ ने 18 जनवरी, 2023 को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 17 साल की भतीजी एक दिन पहले अपने भाई को ट्यूशन छोडने गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। उसे शक है कि कमल उसे बहला कर ले जा सकता है। पुलिस जांच में सामने आया की अभियुक्त उसे पूर्व में भी कई बार अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म कर चुका है। वहीं घटना के दिन वह उसे अपने किराए के मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की प्लॉट नंबर-09, स्थित मारुति नगर, ग्राम सिंवार, जयपुर राजस्थान का मूल पट्टा, रसीद, साईट प्लान जो झालना डूंगरी ग्रह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर द्वारा श्रीमती बेबी देवी पत्नी श्री शम्भू प्रसाद गुप्ता के नाम पे जारी लिया गया था, उक्त दस्तावेज कही खो गए है, चूंकि सोसाइटी मे डुप्लीकेट पट्टा जारी करवाने के लिए आवेदन किया है किसी भी वक्ति को डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत आपात्ति हो तो 15 दिवस मे सोसाइटी मे दर्ज करवादे बाद मियाद सोसाइटी पट्टा जारी करने के लिए सवतंत्र रहेगा। कृपया सूचित रहे

झालना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
मोबाइल नम्बर-0878600067

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्यगण अखलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता, बिम्ल अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल, निवासी मनोहरपुर, तहसील शाहपुरा जिला जयपुर जरिये मुख्त्यारआम सरोज पत्नी सुरेश कुमार, सुमित पुत्र स्व. सुरेश, विनेश कुमार, मुकेश कुमार, विष्णु पुत्रान राजेंद्र कुमार, सीता पुत्री श्रीकृष्ण, सरिता, सुशीला पुत्रियान राजेंद्र कुमार, बजरंग लाल, महावीर, मोहन पुत्रान श्रीकृष्ण मुरारी लाल पुत्र रामनाथ, शांति पुत्री रामनाथ, जगदीश प्रसाद पुत्र रामनाथ निवासी मनोहरपुर, तहसील शाहपुरा जिला जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण की वाके ग्राम मनोहरपुर, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर स्थित भूमि हाल खाता सं. 617 के हाल खसरा नं. 1044 रकबा 0.2600 हैक्टेयर भूमि स्थित है जिसको हर प्रकार से उपयोग उपभोग व विक्रय हस्तानान्तरित करने इत्यादि बाबत हक अधिकार मेरे अभिभाष्यगण को प्राप्त है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण द्वारा उक्त भूमि को विक्रय हस्तानान्तरित किया जा रहा है जिस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति एवं उज्र हो तो वह तीन दिवस मे मेरे अभिभाष्यगण से अथवा मुझ अधिवक्ता से मेरे कार्यालय मे आकर सम्पर्क करे अथवा बाद गुजरने मियाद किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक: सुनील उपाल (एडवोकेट) मो.-9829370654, 9887063750

रजि.सं. 2077/L **::आम सूचना::** क्र.SP1 दि.13.12.2025

समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा दि.28.12.2025 रविवार को प्रातः 11 बजे श्री कृष्णा पैराडाईज, कुम्भा मार्ग के सामने, प्रताप नगर, टोंक रोड़, सांगानेर, जयपुर पर आयोजित की गई है। कोरम पूर्ण न होने पर एक घण्टे बाद पुनः आम सभा की बैठक आयोजित की जावेगी।

आम सभा में समिति की RHB की अवाप्ति से प्रभावित आवासीय योजनाओं के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु विचार विमर्श व समिति के अन्य आवश्यक कार्य के बारे में विचार विमर्श किया जाकर उचित निर्णय लिया जावेगा। आम सभा मे समिति के आम सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मंत्री,
श्यामपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
मोबाईल नम्बर: 9829044540

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 8959 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक : 08.12.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या **195/171 (LIG)** का आवंटन **सुश्री दिव्या गुप्ता पुत्री श्री एन. के. गुप्ता** को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1350 दिनांक 15.03.2005 को जारी किया गया था जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 67/238 दिनांक 22.05.2025 के द्वारा **श्री गनी मोहम्मद पुत्र श्री नूर मोहम्मद** के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक **06.06.2025** को कर दिया गया। **श्री गनी मोहम्मद** द्वारा उक्त आवास को दिनांक **11.06.2025** को **श्रीमती निशा अग्रवाल पत्नी श्री तरूण कुमार अग्रवाल** को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक एकादश जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। **श्रीमती निशा अग्रवाल** द्वारा उक्त आवास को दिनांक **21.08.2025** को **श्रीमती किरण माली पत्नी श्री सुरेश कुमार कच्छावा** को विक्रय कर उनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक द्वितीय जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती **श्रीमती किरण माली पत्नी श्री सुरेश कुमार कच्छावा** द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, **श्रीमती किरण माली पत्नी श्री सुरेश कुमार कच्छावा** का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हरीश माथुर पुत्र श्री धन श्याम माथुर, जाति कायस्थ, निवासी 69, सुन्दर नगर, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राज.) स्वयं की पत्नी श्रीमती शशि नागपाल के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय फ्लेट नं. एफ-2, फर्स्ट फ्लोर, प्लाट नं. 45 व 45-ए (Reconstitution), योजना द्रोणपुरी, ग्राम गिरधारीपुरा, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्रफल 1375.46 वर्गफीट है जिसे मेरे मुवक्किल की पत्नी श्रीमती शशि नागपाल ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) मे बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 701253913 है, मेरे मुवक्किल की पत्नी श्रीमती शशि नागपाल का स्वर्गवास 08. 09.2025 को हो चुका है, उक्त श्रीमती शशि नागपाल पत्नी श्री हरीश माथुर के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान मे मेरे मुवक्किल हरीश माथुर पुत्र श्री धन श्याम माथुर, श्री अमन माथुर पुत्र श्री हरीश माथुर एवं छवि माथुर पुत्री श्री हरीश माथुर है, इनके अलावा स्वर्गीय श्रीमती शशि नागपाल पत्नी श्री हरीश माथुर का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूकि श्रीमती शशि नागपाल पत्नी श्री हरीश माथुर के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं की पत्नी अर्थात श्रीमती शशि नागपाल पत्नी श्री हरीश माथुर के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

जयपुर (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट, 6/48
दिनांक-14.12.2025 मालवीय नगर, जयपुर, मोबाईल 9829218044

पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल सत्ता बचाने का काम किया : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिखाई विकास रथों को हरी झंडी

जयपुर (कासं)। राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को विद्याधर नगर क्षेत्र के बड़ पीपली बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने आमजन को राज्य सरकार की जनसेवा के प्रति समर्पित ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में इस बात का संकल्प लिया गया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुँचे। इसी उद्देश्य के तहत सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सरकार के दो वर्षों के विकास कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में सरकार ने जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारने का कार्य किया है और योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

विद्याधर नगर क्षेत्र के बड़ पीपली बस स्टैंड पर आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को श्रीनाथजी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सफल प्रयासों से राजस्थान निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में केवल सत्ता बचाने का काम किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में और भी बड़े कार्य किए जाएंगे, जिनका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

- **राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर बड़ पीपली स्टैंड पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

इस अवसर पर बड़ पीपली बालाजी धाम के महंत कमल दास महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, अभियान संयोजक हिम्मत सिंह रोहिणी, सहसंयोजक सुरेंद्र प्रजापत, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, विनोद सैनी, माल सिंह शेखावत, राकेश अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पार्षद प्रत्याशी प्रभु शर्मा, पार्षद सी.एम. शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

राजस्थान में स्थाई एवं अस्थाई आश्रय स्थल बन रहे बेसहारों का सहारा

जयपुर (कासं)। राजस्थान में 138 नगरीय निकायों में लगभग 12 हजार व्यक्तियों की क्षमता के 238 स्थायी आश्रय स्थल संचालित किये जा रहे हैं जो बेसहारों का सहारा बन रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तेज सर्दी के चलते कई शहरों में तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। आगामी दिनों में सर्दी और बढ़ने के आसार हैं इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसे जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक आश्रय देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार प्रदेश में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की पूर्व में संचालित दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत, निर्मित स्थाई आश्रय स्थलों में शहरी बेघर व्यक्तियों को निःशुल्क आश्रय तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। शीत लहर, बरसात और प्रचण्ड गर्मी के मौसम में प्रत्येक जरूरतम